Regarding fake urea and fertilizer sold in Muzzafarpur

**श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय को सदन और सरकार के संज्ञान में लाने का मौका दिया, आपका धन्यवाद । कृषि देश की रीढ़ की हड्डी है । आज किसान को चारों तरफ से लूटा जा रहा है । मुजफ्फ़रनगर में फर्जी खाद, फर्जी बीज और फर्जी पेस्टिसाइड बनाकर पूरे देश में सप्लाई की जा रही है । यही नहीं 27 रुपये क्विंटल की राख 1500 रुपये क्विंटल बेची जा रही है । उसको पोटाश बनाकर बेचा जा रहा है, उसको इफको, कृभको, आईपीएल सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थाएं भी इसे खरीदकर बेच रही है । जिप्सम जो एक रुपये किलो है, उसको डाई बनाकर बेचा जा रहा है, धड़ल्ले से बेच रहे हैं, इन लोगों की प्रॉपर्टी बढ़ रही है लेकिन किसान बर्बाद हो रहा है । सरकार उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि वे बाजार को लूटवा रहे हैं और दूसरी तरफ आप किसान को मजबूर कर रहे हैं कि वे मिल पर धरना देकर बैठें ।